तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 बारदेवरी आयुष स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद व होम्योपैथी...



14 जिले के 21 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के ...



## खबर संक्षेप

### बरहेली में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दुर्गूकोंदल।** एनएसएस संयुक्त मेगा शिविर के पंचम दिवस पर बरहेली में स्वयंसेवकों द्वारा सामुदायिक भवन, हैंडपंप, रंगमंच, गली-मोहल्लों की साफ-सफाई की गई। उन्होंने घर-घर जाकर स्वच्छता, जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व की जानकारी दी। बरहेली सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा सहित पंचायत सदस्यों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सरपंच ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है और युवाओं की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गांव को स्वच्छ रखने के संकल्प को सामूहिक रूप से निभाने का अव्हान किया।

### कोकानपुर हाई स्कूल को बनाया गया परीक्षा केन्द्र



**कोरर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से सवा 2 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए शासकीय हाई स्कूल कोकानपुर को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा केंद्र में 180 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संस्था को नवीन परीक्षा केन्द्र बनाए जाने पर सरपंच कलीराम ऊईके, उपसरपंच योगिता राजपूत व शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा आयोजन के लिए संस्था की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### गंभीर चोट से हुई मौत, मर्ग कायम



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नाथियानवागांव डिवाइडर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 11 अक्टूबर की शाम साढ़े 6 बजें आरोपी मोटर सायकल तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**मांग : सरकार का ध्यान खींचने 25 गांव के ग्रामीण सड़क पर उतरे**

# कोदापाखा-दुर्गूकोंदल सड़क मरम्मत की मांग पर ग्रामीणों ने निकाली नौ किमी की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल




कोदापाखा से दुर्गुकोंदल के बीच जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर क्षेत्र के 25 गांवों के ग्रामीणों, सरपंचों, जनपद सदस्यों, गायता-पटेलों के नेतृत्व में कोदापाखा से दुर्गुकोंदल तक 9 किमी. की पदयात्रा किया। इसके पश्चात ग्रामीणों ने तहसीलदार दुर्गुकोंदल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों ने बताया कि दुर्गुकोंदल-कोदापाखा मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन कठिन हो गया है। आए दिन बाइक और साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं तथा वाहनों को भी नुकसान हो रहा है। नेताओं ने बताया कि सड़क मरम्मत की मांग को लेकर सांसद, विधायक और कलेक्टर को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया गया, फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजबूरी में आज सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पदयात्रा करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चाहे तो एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत कराई जा सकती है, लेकिन प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन बना हुआ है। सरपंच ने कहा कि जर्जर सड़क से जनता परेशान है, जबकि शासन-प्रशासन के जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुधारना सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है, लेकिन जनता और जनप्रतिनिधियों को ही सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे चक्का जाम करने बाध्य होंगे।

पदयात्रा में जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, जनपद सदस्य हेमलता उयके, सरपंच सोमनाथ नेताम, सरपंच बांगाचार अनुपा दुग्गा, आयनू ध्रुव, तुलसीराम मातलाम, रामप्रसाद गावड़े, नंदकुमार खरे, रमशीला कोमरा, विजय गावड़े, सियाराम पोटाई, भगवानी सिन्हा, मन्नू नरेटी, संदीप पोटाई, संतोष मंडावी, संदीप नेताम, रयनु दुग्गा, बिरसिंह नरेटी, सन्तु सलाम, मेहर सिंह कोमरा, फुलेश्वरी नेताम, लोचन सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# राष्ट्रीय जम्बूरी के फिनाले में कांकेर के स्काउट-गाइडों ने किया उम्दा प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के दिशा निर्देशन में कांकेर जिले के प्रतिभागी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में कांकेर के स्काउट्स, गाइड्स ने भागीदारी किया।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 से 29 नवम्बर तक 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी का भव्य आयोजन वृंदावन परिसर में हुआ, जिसमें देश-विदेश से 35 हजार से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ से 363 के दल ने जम्बूरी में भागीदारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कांकेर जिले के 04 स्काउट एवं 08 गाइड, जिसमें शाउमावि तरान्दुल के गजेंद्र दुग्गा, फूलबत्ती गावड़े पीएमश्री शा नरहरदेव उमावि संजना सोरी, शाउमावि तालाबेड़ा से कावेरी जैन, भूमिका खावरिया, शाउमावि बारवी से गणेश्वरी उसेंडी, बसंती उईके, शाउमावि लखनपुरी से आकृति पोया, एशात साहू, शाउमावि अरौद से हुसैन साहू, कमलेश, शाउमावि कोंदागांव, शाउमावि चावड़ तनु ठाकुर सम्मिलत हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों की मार्चपास्ट, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, स्किल ओ रामा, फिजिकल डिस्प्ले, कलर पार्टी, एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदशर्नी, रंगोली, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गेट, कैंप क्राफ्ट, चलित झांकी, कैंप फायर, टेंट पिचिंगआदि प्रतियोगिता एवं गतिविधियों में भागीदारी कर ए और बी ग्रेड हासिल किया। बस्तर की मोरिया ददा नृत्य ने लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न साहसिक खेलों का भी लुत्फ उठाया गया। प्रतिभागियों को सेना के हथियारों को देखने, उसकी कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी मिली।

## ओपन परीक्षा आवेदन के लिए समय-सारिणी घोषित

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा मार्च–अप्रैल 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत कार्य-योजना जारी कर दी गई है। शाउमावि के प्राचार्य अजय नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी निर्धारित तिथियों के भीतर फार्म अवश्य भरें, अन्यथा विलंब शुल्क देना होगा। सामान्य शुल्क के साथ आवेदन फार्म 01 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक भरे जा सकेंगे। अध्ययन केंद्रों के द्वारा सामान्य शुल्क वाले आवेदन फार्म जिला समन्वय केंद्रों में 19 एवं 20 जनवरी 2026 तक जमा किए जाएंगे, जिसके बाद जिला समन्वय केंद्रों द्वारा राज्य कार्यालय में 21 एवं 22 जनवरी तक आवेदन जमा करने की व्यवस्था है। वहीं विलंब शुल्क के साथ आवेदन 18 से 25 जनवरी तक भरे जा सकेंगे। इन फार्मों को अध्ययन केंद्रों द्वारा जिला समन्वय केंद्रों में 29 जनवरी तक एवं जिला समन्वय केंद्रों द्वारा राज्य कार्यालय में 30 जनवरी तक जमा किया जाएगा।

## एसआई की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में इलाज के लिए लाए बीजापुर निवासी 39 वर्षीय तिरूपति पूनेप सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर की शाम को मृतक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। मृतक कांकेर जिला में पदस्थ था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# बीएसएनएल और जियो की खराब सेवा से कोड़ेकुर्से में नेटवर्क ठप, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम मुख्यालय कोड़ेकुर्से में बीएसएनएल और जिओ नेटवर्क की कमजोर सेवा ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। गांव में लगे बीएसएनएल टावर की लचर स्थिति के कारण लोगों को न तो स्पष्ट कॉल सुनाई देती है और न ही इंटरनेट की सुविधा सुचारू रूप से मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कॉल के दौरान बार-बार फोन कट हो जाता है, जिससे आवश्यक संवाद भी हो नहीं पाता।

ग्रामीण तुकाराम पटेल, अशोक रावटे, शत्रु जैन, महाजन निषाद, मनेस जैन, प्रवीण सहारे, गौतम कोटिंगला सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि बीएसएनएल की 2जी या कमजोर 3जी सेवा अब उपयोग के लायक नहीं है, इसलिए बीएसएनएल टावर को तत्काल 4जी में अपग्रेड किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को सही नेटवर्क मिल सके और सरकारी योजनाओं व ऑनलाइन सेवाओं का लाभ भी आसानी से मिल सके। विशेषकर स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान यह समस्या गंभीर रूप ले लेती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार 104 एवं 108 जैसे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बावजूद नेटवर्क न होने से संपर्क नहीं हो पाता, जिससे बीमारों को समय पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसी तरह जिओ नेटवर्क की स्थिति भी कोड़ेकुर्से क्षेत्र में ठीक नहीं है। सुरुगदोह एवं नेलचांग में लगे टावर से सिग्नल आ तो रहा है, लेकिन उसकी गुणवत्ता बेहद कमजोर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कॉल की आवाज स्पष्ट नहीं आती, इंटरनेट बेहद धीमी स्पीड से चलता है और नेटवर्क बार-बार गायब हो जाता है। ग्रामवासियों ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज डिजिटल युग में मोबाइल नेटवर्क जनजीवन का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग सेवा, ऑनलाइन शासन प्रणाली, सभी मोबाइल नेटवर्क पर निर्भर करती हैं। ऐसे में नेटवर्क समस्या ग्रामीण विकास में बड़ी बाधा साबित हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोनों अपनी सेवाओं में सुधार नहीं करते, तो वे आंदोलन के लिए विवश होंगे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**संघ का ऐलान 15 दिन बाद भी मांगें पूरी न हुईं तो करेंगे चक्काजाम**

# सरपंच संघ ने माँगों को लेकर दिया धरना, की नारेबाजी, प्रशासन ने मांगा 15 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

सरपंच संघ अंतागढ़ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार 04 दिसंबर से नगर के मध्य स्थित गोल्डन चौक में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आंदोलन के पहले ही दिन अंतागढ़ ब्लॉक के 56 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी किया।

सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 56 पंचायतों में 300 मीटर सीसी रोड, 3 मीटर आरसीसी स्पान पुलिया सहित अन्य अति आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृतियाँ लम्बे समय से लंबित हैं। कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थिति यह है कि पंचायतों में पूरा साल बीतने को है, लेकिन नए कार्यों की स्वीकृति नहीं मिली, जिससे विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। धरना स्थल पर पहुंचकर पूर्व विधायक अनूप नाग ने आन्दोलन को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा पंचायतों का कार्यकाल एक वर्ष पूरा होने को है, लेकिन भाजपा शासन में एक भी नया कार्य स्वीकृत नहीं हुआ। आज भी पंचायतें हमारी सरकार के समय स्वीकृत कार्यों पर ही निर्भर हैं। वर्तमान सरकार बड़े-बड़े विकास के दावे करती है, जबकि स्थिति यह है कि 56 ग्रामों के प्रतिनिधि काम मांगने सड़क पर बैठने मजबूर हैं, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



**प्रशासन ने वार्ता में 15 दिन का समय मांगा**

धरना स्थल पर अपर कलेक्टर अंतागढ़ एवं जनपद सीईओ पहुंचे और संघ पदाधिकारियों से चर्चा की। प्रशासन की ओर से लंबित कार्यों पर निर्णय के लिए 15 दिन का समय मांगा गया। संघ ने भी कलेक्टर को लिखित में सूचित किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो 16वें दिन नगर में चक्का जाम जैसे उग्र आंदोलन की शुरुआत की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसी के साथ सरपंच संघ ने अपना अनिश्चितकालीन आंदोलन 15 दिनों के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

**खबर संक्षेप**

### डाक्टर, कर्मियों ने शाम की ओपीडी कर दी ठप

**नारायणपुर।** जिले में सीआरएमसी भुगतान पिछले 11 महीनों से लंबित रहने के विरोध में 5 दिसंबर को नारायणपुर सहित पूरे बस्तर संभाग के डॉक्टरों, नर्सों, आरएमए और एएनएम कर्मचारियों ने सायंकालीन ओपीडी सेवाएँ बंद कर विरोध दर्ज किया। आंदोलन में बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव एवं कांकेर के सभी स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। हालांकि इमरजेंसी सेवाएँ और सुबह की ओपीडी पूर्ववत जारी रहीं, ताकि मरीजों को असुविधा न हो। चिकित्सा कर्मचारियों का कहना है कि केंद्रीय सरकार ने फंड जारी कर दिया है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी न होने के कारण प्रत्येक डॉक्टर का 2.5–3 लाख और नर्स व कर्मचारियों का 30–40 हजार, आरएमए का 60 हजार रुपए का भुगतान अब तक अटका है। मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कमिश्नर व एमडी एनएचएम के आश्वासनों के बावजूद समाधान न होने से आक्रोश बढ़ा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि 12 दिसंबर तक राशि नहीं मिली तो 13 दिसंबर से पूर्ण ओपीडी बंद की जाएगी। काला फीता पहनकर दिया गया यह प्रतीकात्मक विरोध अब बड़े आंदोलन की ओर बढ़ रहा है।

### जिले में अब तक 4 लाख 55 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत कोण्डागांव जिले में धान खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप से चल रहा है। जिला प्रशासन ने किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की हैं। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में अब तक 4,55,554 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। गुरुवार की स्थिति में सर्वाधिक धान उपार्जन गम्हरी में 16,891.60 क्विंटल रहा।

### 8.75 करोड़ से एनएच–30 का डामर नवीनीकरण शुरू



**कोण्डागांव।** लंबे इंतजार के बाद केशकाल शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग–30 रायपुर–जगदलपुर के केशकाल शहर खंड में क्षतिग्रस्त सड़क के डामर नवीनीकरण और उन्नयन कार्य का शुभारंभ हो गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय, नई दिल्ली ने 8.75 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेकेदार ने मौके पर प्लांट–मशीनरी लगा दी है। सड़क के दोनों किनारों पर पटरी सफाई और चौड़ीकरण, वैकल्पिक मार्ग से वाहनों का सुगम आवागमन, मुख्य मार्ग पर डामरीकरण का काम जल्द शुरू कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ने बताया कि गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द काम पूरा करने की कार्ययोजना तैयार है। प्रशासन, विभाग और ठेकेदार पूरी तरह मुस्तैद हैं। केशकाल शहर की यह मुख्य सड़क सालों से गड्ढों और टूट–फूट से जूझ रही थी। काम पूरा होने पर वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी, व्यापार और आवागमन में सुगमता होगी।

# विधायक ने माकड़ी ब्लॉक में 8 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने माकड़ी विकासखंड के विभिन्न गांवों में एक साथ 60 लाख रुपए से अधिक के 8 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधायक ने सबसे पहले रांधना धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। धान खरीदी की प्रगति जानी, व्यवस्थाएं देखीं और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। सुचारु खरीदी के लिए तुरंत निर्देश दिए।

**सांस्कृतिक भवन से लेकर सीसी सड़क तक ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी**



**ये रहे उपस्थित –**

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भागवती महेश नेताम, जनपद उपाध्यक्ष बैसाखू कोर्राम, दीपेश अरोरा, संजू ग्वाल, अनिल अग्रवाल, मनोज साहू, कृष्णा पोयाम, ललित पोयाम, दिनेश नेताम, संजू पोयाम, बालकुंवर प्रधान, सुधर बघेल, अनत जैन, जनपद सदस्य पूजा शर्मा, पन्ना लाल नेताम, विद्या नेताम, गायत्री नेताम, हेमलता मरकाम, रामलाल नेताम, महेश नेताम, मेसलाल पोयाम और सरपंचगण उपस्थित रहे।

**इन कार्यों की दी सौगात :** खुड़ी बागबेड़ा पंचायत 5 लाख सांस्कृतिक भवन, खासपारा उलेरा रंगमंच निर्माण, कोकोड़ी 9 लाख माध्यमिक शाला से तालाब तक 300 मीटर सीसी सड़क, भर्रापारा कोकोड़ी 5 लाख शिव मंदिर के सामने शेड, गुहाबोड़ण 12 लाख रावण भाटा से तालाब तक 600 मीटर नाली, गुहाबोड़ण 9 लाख मंजीत शोरी घर से अस्तु घर तक 300 मीटर सीसी सड़क, पूसपाल 9 लाख मुख्य मार्ग से मानिक घर तक 300 मीटर सीसी सड़क, सोनाबेड़ा डिंडापारा 9 लाख धोज कुमार पांडे से ब्रम्ह दास वैध घर तक 300 मीटर सीसी रोड की सौगात दी है। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा गाँव का हर सपना पूरा करना मेरा संकल्प है। ये सिर्फ शुरुआत है, अभी और बहुत कुछ होना बाकी है।

## अवलोकन: विश्रामपुरी और कोरगांव धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

# कलेक्टर राशि ने खरीदी केंद्र में उठाई बोरी, खुद तौला धान, हमाल- बारदाना–टोकन सबकी की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को बड़ेराजपुर विकासखंड के दो प्रमुख धान उपार्जन केंद्रों विश्रामपुरी और कोरगांव का औचक निरीक्षण किया। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा और आर्द्रतामापी यंत्र डनेज–स्टेकिंग की स्थिति, हमालों की संख्या कलेक्टर ने मौके पर एक–एक बोरी को तौल कांटे पर चढ़ाकर वजन चेक किया और पाया कि सब सही है। किसानों से भी सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

■ किसान की एक भी बोरी कम न हो : नूपुर

कलेक्टर ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि किसान का एक दाना भी बर्बाद नहीं होना चाहिए। टोकन हो, बारदाना हो, तौल हो सब कुछ पारदर्शी और सुविधाजनक होना चाहिए। हमाल कम नहीं होने चाहिए। समिति स्टाफ को तुरंत निर्देश दिए गए कि किसी भी किसान को इंतजार न कराना पड़े और पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित रहे। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक, जनपद पंचायत सीईओ लखेश्वर यादव, तहसीलदार फनेश्वर सोम सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्रामपुरी में छात्रावासों, अस्पताल का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत विश्रामपुरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न छात्रावासों का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विश्रामपुरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। समय पर चिकित्सकों की उपस्थिति एवं एंबुलेंस की व्यवस्था के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही विश्रामपुरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, प्री पोस्ट मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रवास और 100 सीटर कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर रुम, स्टडी रूम और डाइनिंग रूम और खेलकूद सामग्री की व्यवस्था, स्वास्थ्य जांच के साथ साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्राम कोरगांव में स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उच्च गंभीर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए और स्वास्थ केंद्र के नए भवन के लिए प्रस्ताव तैयार करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



### टेवसा में शासकीय उद्यान रोपणी में रोपे पौधों का किया अवलोकन

कलेक्टर ने ग्राम टेवसा में शासकीय उद्यान रोपणी का को भी देखा। वहां निरीक्षण कर रोपे गए पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने उद्यानिकी अधिकारियों को अमरूद और पपीता के पौधे लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक, सीएमएचओ डॉ. आर के चतुर्वेदी, जनपद पंचायत सीईओ लखेश्वर यादव, तहसीलदार फनेश्वर सोम सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महेंद्रपुर में नवीन धान उपार्जन केंद्र शुरू, किसानों की पुरानी मांग पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

महेंद्रपुर क्षेत्र के किसानों के लिए शुक्रवार का दिन खुशी और राहत लेकर आया, क्योंकि ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेंद्रपुर में नवीन धान उपार्जन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। आमाकड़ा, चिहरों और राऊरवाही पंचायत क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से अब उन्हें धान बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। क्षेत्र के किसान लंबे समय से महेंद्रपुर में खरीदी केंद्र खोलने की मांग कर रहे थे, ताकि उन्हें परिवहन की परेशानी और लागत का सामना न करना पड़े।

नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ 5 दिसंबर को मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी के हाथों हुआ। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, तराजू, अन्नपूर्णा माता और अन्नदाता किसान की पूजा अर्चना की और केंद्र पर धान की पहली तौल कर खरीदी प्रक्रिया का आगाज किया। अपनी मांग को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए किसानों ने कई बार जंगी प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम भी किया था। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने इस अवसर पर कहा कि केंद्र खुलने से किसानों को अब 10 से 15 किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनकी परिवहन लागत और समय की बड़ी बचत होगी। लेंप्स प्रबंधक आत्माराम कल्लो ने बताया कि धान खरीदी महेंद्रपुर में शुक्रवार से प्रारंभ हो रही है, जो कि इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। केंद्र में तौल, भंडारण और भुगतान की पुरी प्रक्रिया को पारदर्शी व सुचारु रूप से लागु किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच बलराम टेपरिया, कैलाश नेताम, कृष्णा दुग्गा, कृष्णा पटेल, कलेश जैन, नरेश कोमरा, मंसा कोवाची, नाथूराम नरेटी आदि उपस्थित रहे।

# अंतागढ़ में खेलकूद और कला का महासंगम युवा दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखण्ड अंतागढ़ के युवाओं और महिलाओं के लिए एक बड़ी खबर है। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ और कलेक्टर के दिशा-निर्देशों पर इस विकासखण्ड में 08 दिसंबर को एक दिवसीय विशाल विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान में सुबह 8 बजे से शुरू होगा।

महासंग्राम में कुल 210 महिला खिलाड़ी 10 विभिन्न खेल विधाओं में और 91 युवा कला-संस्कृति की 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महिला खेल प्रतियोगिता में दो आयु वर्गों 09 से 18 वर्ष तक और 18 वर्ष से ऊपर 35 वर्ष तक की महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। खो-खो, हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, और रस्साकसी जैसी रोमांचक टीम चैम्पियनशिप आयोजित होंगी। एथलेटिक्स 100मी, 400मी., बैडमिंटन सिंगल्स/डबल्स, कुश्ती और वेटलिफ्टिंग में विभिन्न भार वर्गों में ज़ोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी/दल सीधे जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हो सकेंगे, बशर्ते संबंधित खेल संघ जिले में सक्रिय हों। युवा उत्सव का आयोजन 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागियों और 18 से 40 वर्ष तक के संगतकारों के लिए किया गया है। यह आयोजन युवाओं को कला और संस्कृति के क्षेत्र में मंच प्रदान करेगा। लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, और लोक गीत का सांस्कृतिक प्रदर्शन होगा। वाद विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन और नवाचार जैसी बौद्धिक विधाएं भी शामिल हैं। एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड की प्रस्तुतियां युवाओं को अपनी प्रतिभा दर्शाने का पूरा मौका देंगी। इच्छुक प्रतिभागी और दल 07 दिसम्बर तक खण्ड शिक्षा कार्यालय में खेल शाखा से पंजीयन फार्म जमा कर सकते हैं, या इस विकासखण्ड के संकुलों में भी फॉर्म जमा किए जा सकते हैं। प्रतिभागियों को अपने व्यय से 08 दिसंबर को प्रातः 08 बजे तक उन्मुक्त खेल मैदान अंतागढ़ में पहुँचना होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड अंतागढ़ द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए दोपहर में भोजन व्यवस्था की गई है।

### कल उल्लास महापरीक्षा : कोंडागाँव को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने की तैयारी

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत पूरे देश में चल रहे उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की सबसे बड़ी परीक्षा अब कोण्डागाँव में भी कल 7 दिसंबर को होगी। गाँव की चिन्हांकित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में परीक्षा होगी। केवल वही शिक्षार्थी जिनका नाम उल्लास पोर्टल पर सर्वे के बाद ऑनलाइन पंजीकृत है। बुनियादी अक्षर ज्ञान, संख्यात्मक ज्ञान और जीवन कौशल की परीक्षा होगी। कलेक्टर ने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों, ग्राम प्रभारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, सरपंचों, सचिवों और जिला–ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से कहा अपने गाँव–टोले के हर शिक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक जरूर लाएँ। यह सिर्फ परीक्षा नहीं, कोण्डागाँव को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने का संकल्प है। आपका एक कदम किसी की जिंदगी बदल सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी केंद्रों पर बैठने, पानी, पेन–पेपर की पूरी व्यवस्था की जा चुकी है।

# कृष्ण कुंज के पास मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



रजत जयंती के उपलक्ष्य में कृष्ण कुंज के पास शुक्रवार को वन विभाग के द्वारा मिश्रित प्रजाति के पौधरोपण किया गया। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजना माॅ के नाम एक पेड़ लगाने एवं लोगो को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

वन मंडलाधिकारी ऋषभ जैन के मार्गदर्शन एवं उप वनमं डलाधिकारी आईपी गेन्द्रे के नेतृत्व में वन अमलो के द्वारा किया गया। पौधरोपण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार संघ के द्वारा मिश्रित प्रजाति के जैसे फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए जिनमे नीम, पीपल, आम पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापडे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री राजू श्रीवास, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, पार्षद एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजिंदर रंधावा, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सीता चंद्राकर, महिला मोर्चा मंडल मंत्री उर्मिला जसूजा, वरिष्ठ नागरिक एसपी शुक्ला एवं पत्रकार संघ के अध्यक्ष अजय साहू, सचिव अभिषेक पांडे, संजय सोनी, दीपक शर्मा, राजेश रंगारी, मोहन नेताम, नागेंद्र सिंह सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# डीईओ का घेराव थमा, 26 जनवरी तक एचएम प्रमोशन का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



टीचर्स पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने आगामी 8 दिसंबर को प्रस्तावित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव और हड़ताल को स्थगित कर दिया है। यह निर्णय डीईओ रमेश कुमार निषाद द्वारा सहायक शिक्षक संवर्ग को 26 जनवरी 2026 तक प्रधान पाठक के 120 से अधिक पदों पर पदोन्नति देने के ठोस और पूर्ण भरोसे के बाद लिया गया।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने डीईओ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक और वार्ता की, जिसमें जिला संयोजक महेश राम कोटपरीया और संभाग संचालक उत्तम सिन्हा ने पदोन्नति की मांग को प्रमुखता से रखा। वार्ता के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने मोर्चा को आश्वासन दिया कि जिले में सहायक शिक्षक साथियों को प्रधान पाठक के 120 से अधिक पदों पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया 26 जनवरी तक पूरी कर ली जाएगी। इस आश्वासन के बाद, मोर्चा ने तत्काल प्रभाव से अपने प्रस्तावित आंदोलन को आगामी तिथि तक के लिए टाल दिया। बैठक में उत्तम सिन्हा, महेश्वर कोटपरिया, उमेश शुक्ला, संतोष कुमार वट्टी, जय सिंह, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, नितिन तिवारी, महेश सर्फे, लालमन पटेल, लिलेश्वर महावे, रोहित बघेल, राजकुमार साक्षी, घनाराम नागराज, अशोक उर्वशा, मदन उइके, नोहर, छोटे लाल देवांगन, मोनू कौशल, रमेश मांडवी पोर्ते, धर्मदास जोशी, अमन चंद्रवंशी, ओमप्रकाश दुग्गा, लोकेश साहू, कैलाश कोमरा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्व. अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में सम्मान

# पूर्व राष्ट्रपति ने एलएलएम की टॉपर मनप्रीत को दिया स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



नगर की बेटी मनप्रीत चौधरी ने एक बार फिर क्षेत्र समेत पूरे कोंडागांव जिले का नाम रौशन किया है। मनप्रीत ने स्व. अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में पढ़ाई करते हुए अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन के परिणामस्वरूप मास्टर ऑफ लॉ एलएलएम में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा, विश्व विद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव की मौजूदगी में केशकाल की बेटी मनप्रीत चौधरी को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं मनप्रीत-**

गौरतलब है कि केशकाल निवासी व्यापारी मोहन ठाकुर राम चौधरी की पुत्री मनप्रीत चौधरी बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा केशकाल के शिप्रा विद्यालय में हुईं। 9वीं से 12वीं तक उन्होंने युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव से शिक्षा प्राप्त किया। इसके बाद मनप्रीत ने वर्ष 2022 में हैदराबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट ऑफ इंडिया में पढ़ाई करते हुए 99.4% अंक के साथ एलएलबी की डिग्री हासिल की। वर्ष 2024 में एलएलएम की पढ़ाई के लिए मनप्रीत ने अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में दाखिला लिया। जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक हासिल कर प्रथम स्थान के साथ साथ स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया है।

**परिजनों एवं शिक्षकों के प्रति जताया आभार-**

इस सम्बंध में मनप्रीत चौधरी ने बताया कि मैं अपने माता-पिता का हृदय से धन्यवाद करना चाहती हूँ। क्योंकि उन्होंने मुझे पढ़ाई के लिए बाहर भेजा, ताकि अपने सपनों को पूरा कर सकूँ और इस मुकाम तक पहुँच सकूँ। उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया, मेरी पढ़ाई, मेरे सपने और मेरी कठिन मेहनत, हर बात में उनका विश्वास मेरे लिए सबसे बड़ी शक्ति रहा है। आज जब मैं विधि स्नातकोत्तर में स्वर्ण पदक की उपाधि प्राप्त कर रही हूँ, तो यह केवल मेरी सफलता नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता के त्याग, समर्थन और विश्वास की भी जीत है। साथ ही मैं अपने परिवार, अपने शिक्षकों तथा उन सभी लोगों की भी आभारी हूँ जिन्होंने समय-समय पर मेरा उत्साह बढ़ाया, मुझे प्रेरणा दी और मुझ पर विश्वास बनाए रखा।

# हर्बल मेले में पारंपरिक वैद्यों ने की जड़ी एवं बूटी से उपचार पर चर्चा



**बासनवाही।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में ग्राम मावलीपारा में हर्बल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें पारम्परिक वैद्यों का सम्मेलन एवं जड़ी-बूटी सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से आए परम्परागत वैद्यों ने भाग लिया और स्थानीय औषधीय पौधों, वन संपदा तथा जड़ी-बूटी आधारित उपचार पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा किया। ग्राम पंचायत मावलीपारा के सरपंच सियाराम कोसमा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाली औषधियां न केवल रोगों के उपचार में प्रभावी हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाती हैं। सरपंच ने जड़ी.बूटी संरक्षणए उनके वैज्ञानिक उपयोग तथा युवा पीढ़ी को पारम्परिक ज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वैद्यों ने विभिन्न औषधीय पौधों की पहचानए उनके उपयोग और संरक्षण के उपायों पर जानकारी साझा की। मेला स्थल पर औषधीय पौधों की प्रदर्शनी तथा परामर्श शिविर भी लगाए गए, जिनका ग्रामीणों ने लाभ उठाया। हर्बल मेला एवं सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासनिक अमले की सहयोगात्मक भूमिका सराहनीय रही।

**खबर संक्षेप**

### शिव महापुराण कार्यक्रम के लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था

**दंतेवाड़ा।** जिले में आगामी 7 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिव महापुराण कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात विभाग द्वारा पार्किंग व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल के आसपास आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा के लिए कुल चार प्रमुख पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार वीआईपी आगंतुकों के लिए पार्किंग-1 निर्धारित की गई है। वहीं बीजापुर रोड पर स्थित पार्किंग-2 कार्यक्रम स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर रहेगी। जगदलपुर-दंतेवाड़ा रोड पर बनाई गई पार्किंग-3 कार्यक्रम स्थल के सबसे निकट, लगभग 200 मीटर की दूरी पर रखी गई है। इसके अलावा बारसूर रोड पर पार्किंग-4 और पार्किंग-5 बनाई गई हैं, जो स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर रहेंगी। यातायात विभाग ने जनता से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें तथा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

### उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की महापरीक्षा कल

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जयंत नाहटा के नेतृत्व में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 7 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार आकर परीक्षा दे सकेंगे।

अधिकारियों के संरक्षण में गांव-गांव तक पहुंच रहा शराब

# शराब दुकान में हुए भ्रष्टाचार पर युवा कांग्रेस ने फूंका आबकारी मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

**बचेली की तरह जिले के सभी दुकानों की हो जांच**




जिले में भ्रष्टाचार का आलम तो सिर चढ़ कर बोल रहा है। कहीं निर्माण कार्यों में खुलकर बंदरबाट हो रहा है तो कहीं जिले के मदिरा दुकानों में ओव्हर रेटिंग की शिकायत भी आ रही है। बचेली मदिरा दुकान में हुए

- ओव्हर रेटिंग कर अधिकारी एवं सुपरवाईजर हो रहे मालामाल

घोटाले के विरोध में आज युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन का पुतला दहन किया।

जानकारी देते हुए गणेश ने बताया कि जिले के सभी शराब दुकानों में ओव्हर रेटिंग हो रही है। दंतेवाड़ा, बचेली, गीदम, किरन्दुल सभी दुकानों में लूट मारी मची हुई है। सस्ते शराब से लेकर महंगे शराब तक सभी में जमकर ओव्हर रेटिंग हो रही है। बीयर जिसका एमआरपी रेट करीब 200 जिसे 230 तक बेचा जा रहा है तो कही शराब से एमआरपी तक हटा दिया गया है। वहीं विस्की एवं आरएस जैसे सस्ते ब्रांड में भी ग्राहकों को लूटा जा रहा है।

युवा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि शराब दुकान में कार्य करने वाले शराब दुकान से जुड़े सभी अधिकारी एवं सुपरवाईजरों की आय की जांच होनी चाहिए। दंतेवाड़ा जिले में अवैध शराब का करोबार लगातार फल-फूल रहा है। आबकारी अधिकारी व सुपरवाईजरों से सांठगांठ कर कोचिए गांव-गांव तक शराब पहुंचा रहे है। गणेश ने कहा कि अपनी जेब भरने आबकारी विभाग नियमों में खुली छूट दे रखी है। बचेली शराब दुकान की तरह दंतेवाड़ा, गीदम, किरन्दुल की दुकानों की जांच होनी चाहिए ताकि सभी दुकानों में चल रहे भ्रष्टाचार का पर्दापाश हो। युवा जिलाध्यक्ष गणेश ने आगे कहा कि शराब दुकानों में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर आज पुतला दहन कर आबकारी विभाग को चेताया गया है कि अगर जल्द ही इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो युवा कांग्रेस जल्द ही एक बड़ा आंदोलन करेगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी, छविन्द्र कर्मा, मनीष भट्टाचार्य, विमल सलाम, विवेक देवांगन, अनिल कर्मा, सोहन भवानी, कोपा कुंजाम, जीतू कश्यप, पप्पु गुप्ता, आकाश नियाल, सुनील गाईन, गायन सिंह, शैलेन्द्र यादव, अरूण सोनानी, आयुष यादव, निलिख टोप्पो, त्रिशांक ठाकुर, वेंदात पांडे, सोम आतरम, सुनील तेलाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कलेक्टर ने गुणवत्ता सुधार, आधार अपडेट व सुरक्षा मानकों के पालन पर दिए कड़े निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला कलेक्टरेट के सभाकक्ष में आज स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक एवं सभी संकुल समन्वयकों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, शिक्षकों की उपस्थिति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा विद्यार्थियों की पहचान और सुरक्षा संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा।

बैठक की शुरुआत अपार आईडी जनरेशन की स्थिति की समीक्षा से हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए ताकि शैक्षणिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण और भविष्य में छात्र ट्रैकिंग में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। शिक्षकों की उपस्थिति पंजीयन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वीएसके एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता दोहराई गई। उन्होंने कहा कि उपस्थिति निगरानी पूरी तरह पारदर्शी, उत्तरदायित्वपूर्ण और वास्तविक समय आधारित होनी चाहिए। यदि किसी शिक्षक को बायोमेट्रिक या नेटवर्क समस्या आती है तो उसका स्क्रीनशॉट लेकर तत्काल डीईओ कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ऐसे विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

## संकनपल्ली की भूमि संबंधी शिकायत पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीजापुर जिले के अनुभाग उसूर के तहत ग्राम संकनपल्ली में आदिवासियों की पैतृक जमीन गैर आदिवासी के नाम दर्ज होने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी उसूर जांच के आदेश दिया गया। उपलब्ध अभिलेखों और राजस्व दस्तावेज़ों की विस्तृत जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिन किसानों की भूमि के परिवर्तन या नामांतरण की शिकायत दर्ज की गई थी। वास्तव में सभी भूमि मूल भूमिस्वामियों के ही नाम पर ही दर्ज हैं एवं किसी भी प्रकार का अवैध हस्तांतरण या विक्रय नहीं किया गया है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि विभिन्न खसरा नंबरों में दर्ज समस्त भूमि पूर्व से ही संबंधित कृषकों के नाम पर है तथा कोई भी भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज नहीं पाई गई। राजस्व अभिलेखों के मिलान के बाद यह निष्कर्ष निकला। रिपोर्ट में उल्लेख है कि भूमि स्वामित्व को लेकर अभिलेखों में कहीं भी कोई विसंगति नहीं पाई गई है। अतः अनुविभागीय अधिकारी उसूर ने बताया कि वर्तमान अभिलेख यथावत सही पाए गए हैं और संदिग्ध दस्तावेजों का जांच चल रही है।

## ज्वेलर्स शॉप में लूटकांड के बाद भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



दुर्गा ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर हलचल बढ़ गई है। इसी कड़ी में भाजपा जिला

- सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, पुलिस की तत्परता की सराहना

अध्यक्ष धनीराम बारसे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को एसपी किरण चव्हाण से मुलाकात करने पहुंचा। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि शहर में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। साथ ही उन्होंने पुलिस द्वारा की गई तीव्र और प्रभावी कार्रवाई की सराहना भी की जिसमें तीन घंटे के भीतर सभी आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार किए गए।

### पेट्रोलिंग बढ़ाने पर सहमति

बैठक में नगर में रात्रि पेट्रोलिंग को बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाजार, मुख्य सड़कें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र पुलिस की नियमित निगरानी में रहें ताकि अपराधियों के मन में भय बना रहे। चर्चा के दौरान नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर भी सवाल उठे। एसपी ने भरोसा दिलाया कि जल्द नगर में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे निगरानी तंत्र मजबूत हो सके।

### रेस्ट हाउस कर्मचारियों के साथ मारपीट पर नाराजगी

जिला अध्यक्ष ने रेस्ट हाउस कर्मचारियों के साथ कथित मारपीट को लेकर नाराज हुए। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और पुलिस को ऐसी कार्रवाइयों पर अंकुश लगाना चाहिए। एसपी ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए कहा ऐसी घटना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जांच कर दोषियों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम, विश्वराज सिंह चौहान, नूपुर वैदिक, दिलीप पैदी, रीना पैदी, भुवनेश्वरी यादव, रमाकांत नायक, पार्षद रंजीत बारठ, शोभन गंदामी, रमेश कर्मा और राजेश चौधरी मौजूद रहे।

## मेटापाल में रजत महोत्सव पर विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार की छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती के अवसर पर बालक आश्रम मेटापाल के छात्रों द्वारा स्कूल परिसर अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन में रंगोली एवं सौर ऊर्जा आधारित एलईडी लाइट मॉडल निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण व ग्रामीण उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को दैनिक जीवन में बढ़ाने का संदेश दिया।

## ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है।

इस तारतम्य में 5 दिसंबर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिला कोषालय अधिकारी चमन प्रसाद जोशी सहित अन्य निर्वाचन सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

**व्यापारी संघ ने सौंपा एसपी को ज्ञापन**

## सुकमा के सभी चौक में सीसीटीवी दुरुस्त किया जावे व सतत निगरानी हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



ज्वेलरी व्यापारी के दुकान में गुरुवार को डकैती की घटना से व्यापारियों में डर का माहौल एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोष व्याप्त है। सुकमा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने 5 दिसंबर को कलेक्टर, एसपी के नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी चिंता से अवगत कराया।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष पारस मल बोथरा ने बताया कि पिछले

- व्यापारियों में डर का माहौल व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोष व्याप्त

कुछ माह से चोरी जैसे घटना सुकमा जिला में छोटे-मोटे स्तर पर लगातार होती आ रही है, यह घटना बड़ी होने के कारण व्यापारियों में रोष व्याप्त है, व्यापारी संगठन इस घटना को लेकर जिला प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध करते हुए कहा कि सुकमा के सभी चौक में सीसीटीवी दुरुस्त किया जावे एवं सतत निगरानी हो।

जिले में बाहर से आने वाले हर व्यक्ति का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य तथा फेरी वालों, मजदूरों, भीख मांगने वालों की नियमित जांच-पड़ताल हो। व्यापारी संघ ने कहा कि बाजार और मुख्य मार्गों पर निरंतर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और सभी व्यापारियों के लिए सुरक्षा उपाय मजबूत किए जाए। जिला मुख्यालय के सभी होटल, लॉज में जो भी लोग रुक रहे हैं, निरंतर प्रतिदिन जानकारी लिया जावे। संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सुकमा में किराए पर रहने वाले सभी व्यक्तियों की उचित दस्तावेज जांच किया जावे।

इस दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष पारस मल बोथरा, हुक्मीचंद जैन रोहित चांडक जसराज जैन, अनिल राठी, अमित नाग मौजूद थे। सुकमा नगरपालिका के वार्ड क्रं 13 शहीद चंद्रशेखर वार्ड की पार्षद कांता राठी ने सुकमा शहर में बढ़ते अपराध व नागरिकों की सुरक्षा को लेकर 13 जून 25 को ज्ञापन सौंप कर कारवाई की मांग की थी। पार्षद कांता राठी ने कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को ज्ञापन सौंप कर कहा था नगरपालिका सुकमा जिला मुख्यालय सुकमा में स्थित है।

जिला मुख्यालय में स्थित होने के वजह से शहर की सुरक्षा एक गंभीर समस्या है। असामाजिक गतिविधियों के अलावा कई तरह के प्रकरण आये दिन सुर्खियों में रहते है। तत्संबंध में सुकमा नगरपालिका क्षेत्र के एक दर्जन स्थानों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाया जाना आवश्यक है जिससे सुकमा के हजारों नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

## उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले के उपार्जन केंद्रों में किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए खाद्य विभाग, जिला विपणन अधिकारी तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारियों द्वारा सतत आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों में बारदानों की व्यवस्था, धान के वजन की जांच तथा किसानों से चर्चा की जा रही है।

आज विभिन्न केंद्रों में किसानों ने उपार्जन व्यवस्था से संतोष व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को किसान हित में प्रदान की गई सुविधाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में आज डिप्टी कलेक्टर एवं खाद्य अधिकारी दिलीप कुमार उइके, जिला विपणन अधिकारी टामेश सिंह नागवंशी तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बीजापुर के नोडल अधिकारी छोटेलाल यादव ने उपार्जन केंद्र रूद्रारम, भद्रकाली एवं भोपालपटनम पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उपार्जन व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा समिति प्रबंधक एवं उपार्जन केंद्र प्रभारी को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के बाद किसानों ने कहा कि इस वर्ष उपार्जन कार्य सुगम एवं पारदर्शी है जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है।

## आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र में श्रमिक पंजीयन कार्ड वितरित

**बीजापुर।** जिले में पुनर्वास नीति के अंतर्गत पुनर्वासित परिवारों को व्यवस्थित रूप से विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने हेतु श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन कराया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान पुनर्वासित परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। श्रम विभाग की इस प्रक्रिया के दौरान श्रमिकों को विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु तक उपलब्ध लाभ जैसे प्रसूति सहायता, शिक्षा सहायता, चिकित्सा सुविधा, दुर्घटना सहायता, पेंशन आदि शामिल हैं। पुनर्वासित परिवारों को यह सुनिश्चित कराया गया कि श्रम विभाग की प्रत्येक कल्याणकारी योजना उन्हें सुरक्षित जीवन एवं बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने हेतु बनाई गई है। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पुनर्वासितों के जीवन में आने वाले परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग द्वारा उन्हें पंजीयन के साथ-साथ आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है जिससे वे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों का लाभ उठा सकें।

## पशु एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, दुर्घटना ग्रस्त व बीमार पशुओं को मिलेगी समय पर सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा जिले में पशुओं की सुरक्षा एवं उपचार हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एम्बुलेंस विथ हाइड्रोलिक स्ट्रेचर सेवा का आज औपचारिक शुभारंभ किया गया।

कलेक्टरेट परिसर से विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में इस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस सेवा का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाग्रस्त, बीमार एवं घायल पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। हाइड्रोलिक स्ट्रेचर की सुविधा से पशुओं को बिना चोट पहुंचाए एम्बुलेंस में लाने-ले जाने में आसानी होगी। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि यह सेवा जिले में पशु संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब सड़क दुर्घटना या किसी अन्य आपदा में घायल पशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा, जिससे उनके जीवन को बचाना संभव होगा। उन्होंने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे आमजनों एवं पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया।

इस अवसर पर पशुधन विभाग उप संचालक डॉ. श्यामा मालवीय सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा




छत्तीसगढ़ के अनेक पीएमश्री स्कूल उन्नत अध्यापन कार्य कर रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के क्षमता विकास हेतु आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशन में पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के शिक्षकों का आईआईटी जम्मू में विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल, जिसका मुख्य उद्देश एनईपी 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना एवं देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने हेतु मॉडल स्कूलों का चयन किया गया है ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल क्लास रूम, स्मार्ट लेब्स, स्मार्ट टीचिंग सुविधाएं एवं नवीन शिक्षण पद्धतियाँ आज शिक्षा के महत्वपूर्ण अंग बन चुके हैं।

इसी दिशा में विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षण, स्मार्ट लेक्चर, 3डी प्रिंटर, गूगल क्लासरूम, साइबर सिक्योरिटी, साइकोलॉजिकल एप्लिकेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म आधारित बेहतरीन कक्षाओं के संचालन के तरीके और आधुनिक शिक्षण व्यवहारों पर केंद्रित इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना था। जिससे बेहतर स्कूल वातावरण एवं आधुनिक अध्यापन विधियों का विकास हो सके। इस प्रशिक्षण हेतु बस्तर जिले से चयनित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूलों के कुल 4 शिक्षक आईआईटी जम्मू में आयोजित कार्यशाला में जिसमें शैलेन्द्र साहू पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, लोहण्डीगुड़ा, नोगेन्द्र खुटेल पीएम स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, बी. प्रेरणा राव पीएम श्री स्वामी आत्मानंद धरमपुरा, गौरव देवांगन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद, करपावण्ड शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। बस्तर जिले के इन शिक्षकों ने साइंस टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षकीय नवाचारों में गहरी रुचि दिखाते हुए अनेक आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम में पीएमश्री स्कूलों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि एवं विभिन्न जिलों के शिक्षक भी शामिल हुए। इस आयोजन में आशीष गौतम पीएम श्री राज्य प्रभारी, सुब्बा नायडू, दिनेश, संदीप, मुस्कान, लोकनाथ, अमित, शीतल, श्वेता एवं अन्य शिक्षकों की भागीदारी रही।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 4 दिसंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए दो



लोगो को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी एसटी कॉलोनी बांदे निवासी सुरेश कुमार रजक और पीव्ही 87 निवासी रतन देवनाथ लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। दो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 9 को मनाएंगे

**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कांकेर से मिली जानकारी के अनुसार 09 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाएगा। समय -सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित भूतपूर्व सैनिक भी उपस्थित रहेंगे।

### विवान स्मृति कप क्रिकेट 13 से, 32 टीमों को मौका

**दुर्गूकोंदल।** पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वावधान में विवान स्मृति कप 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक होगा। प्रतियोगिता में 32 टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा, जो पहले आए पहले पाए के आधार पर चयनित होंगी। प्रथम पुरस्कार 51,000 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31,000 हजार, तृतीय पुरस्कार 21,000 रूपएं रखा गया है। इस आयोजन में नीरज कोसमा, डुजान ठाकुर, राधा हरिराम नाग (लोहत्तर), मुकेश कोमरा एवं रविन्द्र भालेश्वर व्यवस्था एवं संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### आधार शिविर का आयोजन आज

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर कांकेर एवं पैराडाईज स्कूल प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में पैराडाईज स्कूल में आज 06 दिसबंर शनिवार को आधार नामांकन एवं मुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच वर्ष के बच्चों तक का नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आदि दस्तावेजी के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। आधार कार्ड शिविर का आयोजन उपडाकघर कोरर में भी आयोजित किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप संभागीय निरीक्षक केके तुरकर एवं विजय जांगड़े के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### 41.40 क्विंटल धान बेचकर किसान को मिली राहत

**कांकेर।** जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम कानापोड़ निवासी किसान दिनेश साहू ने लखनपुरी स्थित धान खरीदी केन्द्र में 41.40 क्विंटल धान बेचकर राहत की सांस ली, क्योंकि अब उसे आगामी खर्चों के लिए पैसे एकत्रित करने की चिंता नहीं रही। धान बेंचकर इससे मिली राशि का सदुपयोग करते हुए वे खेतों का सुधार कार्य कराएंगे, साथ ही घर के निर्माण कार्य में भी अतिरिक्त राशि की व्यवस्था इसी से करेंगे। उन्होने बताया कि खरीफ वर्ष अपनी 2 एकड़ कृषि भूमि से प्राप्त 41 क्विंटल 40 किलो धान को लखनपुरी धान उपार्जन केंद्र में विक्रय किया। धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हुई।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कराठी निवासी राजलक्ष्मी उईके ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कराठी निवासी बिसउराम उईके ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को मृतिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

**दिशा-निर्देश: काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनने पर प्रतिबंध**

# व्यापमं की अमीन भर्ती परीक्षा कल, मंडल ने अभ्यर्थियों के लिए कलर कोड किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए जिले में कुल 44 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 09 हजार 554 पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर ने बताया कि परीक्षा पारदर्शिता और निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने बताया कि कलेक्टर द्वारा जिले के परीक्षा केन्द्रों में व्यापमं द्वारा जारी निर्देश और मापदण्डानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि व्यापमं द्वारा अभ्यर्थियों के लिए जारी दिशा निर्देश के अनुरूप परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना होगा, जिससे उनकी समय पर फ्रिस्किंग गहनता से की जा सके एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। यह भी बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा।

**खास बातें**

- अमीन भर्ती परीक्षा में जिले में स्थापित 44 केन्द्रों में सम्मिलित होंगे 9554 परीक्षार्थी
- परीक्षा के लिए व्यापमं ने दिशा-निर्देश जारी कर पालन करने की अपील की
- परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र
- परीक्षा केन्द्रों में बिना जेब वाले स्वेटर पहनकर आने की होगी अनुमति




व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थी हल्के रंग की आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी। केवल साधारण स्वेटर बिना पॉकेट की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। इसके अलावा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं, कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। इसी तरह परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लेकर और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट कराने कहा गया है, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, उसका एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में आएं। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष मे केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन से ही उत्तर अंकित करने के लिए उपयोग में लाने के निर्देश व्यापमं द्वारा दिए गए हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। व्यापमं के इन निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जा सकेगा।

---

## सीबीएसई परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई स्कूल में ऑनलाइन परीक्षा कक्षा 6वी एवं कक्षा 9वीं के लिए केन्द्रीय सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा 17 नवम्बर से 04 दिसंबर के बीच ऑनलाइन सीटीबी मोड में संपन्न हुई, जिसमें गणित, पार्यावरण विज्ञान तथा अंग्रेजी भाषा जैसे विषय शामिल थे। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अंकों पर आधारित मूल्यांकन के बजाय सीखने, समझने तथा अवधारणाओं के वास्तविक जीवन में उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सफल परीक्षा का उपयोग प्रमोशन या रैंकिंग के लिए नहीं किया जाता, इसलिए यह विद्यार्थियों पर परीक्षा से होने वाले अनावश्यक दबाव एवं तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परीक्षा के इन्चार्ज शिक्षक अभिनव सिंह, प्रतीक सिहं ठाकुर, संतोष कुमार ठाकुर रहे एवं परीक्षा को सफलतापूर्व संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं शिक्षक दीपांजली गोगोई, रिया सोनी, टाकेश्वर साहू उज्वल निर्मलकर, सुखदेव सरकार, पेंकटेश पटेल, रिकी सेठी, आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

---

# बारदेवरी आयुष स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद व होम्योपैथी इलाज से सैकड़ों लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष विभाग की पहल एक बार फिर रंग लाई, जब बारदेवरी के बाजार स्थल में आयोजित निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य लाभ लिया।

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड कांकेर के ग्राम बारदेवरी में गुरुवार 4 दिसंबर को निःशुल्क एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक चले इस शिविर का शुभारम्भ जनपद सदस्य मिथलेश कुमार मंडावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता सरपंच गोवर्धन नागेश ने की,



जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामानंद राय, विनय मंडावी, रूपेश समरथ, रामकृष्ण राणा, संदीप धुर्वा, यशवंत देहारी, मनीष साहू एवं चैती बाई पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि जी का पूजन कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने आयुर्वेद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर में कुल 512 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, जिनमें 389 मरीजों ने आयुर्वेद तथा 123 ने होम्योपैथी पद्धति से उपचार प्राप्त किया। शिविर में 117 लोगों की रक्त जांच, 68 की नेत्र जांच तथा 70 लोगों को योग परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 550 ग्रामीणों ने आयुष काढ़ा ग्रहण कर लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने में शिविर प्रभारी डॉ. सचिन विरखेड़े सहित डॉ. शैलेश साहू, डॉ. ताता राव, डॉ. किरण तारम, डॉ. दीपिका साओ, डॉ. गीतिका सोनवानी, डॉ. इंद्रा मोटवानी, तथा अन्य सहयोगियों जगन्नाथ साहू, युवराज जैन, कुलदीप धीवर, अभिजीत भक्त, सुधीर कुमार कुजुल, निकेश उसेंडी, गैंदलाल दुग्गा, परमेश कचलम, हेमंत साहू और मीरा साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

---

## लोहत्तर एनएसएस शिविर के समापन सत्र पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहत्तर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के बीच, नशा मुक्त भारत को लेकर सेजेस हाटकोंदल के छात्र-छात्राओं ने शिविर में गाँव में दीवाल लेखन, साफ-सफाई, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्त थीम को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें

सात दिनों तक अलग-अलग वक्ताओं ने आकर शिविर को सम्बोधित किया और नागरिकों को शिक्षा, नशामुक्ति, स्वच्छता, के प्रति जागरूक किया। समापन के अवसर पर मुख्याअतिथि जिला पंचायत सदस्य देवालाल नरेटी ने सम्बोधित करते हुए सभी शिविरार्थियों राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है। यह 10+2 बोर्ड स्तर पर स्कूलों की 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र युवाओं और महाविद्यालय व विश्वविद्यालय स्तर पर तकनीकी संस्थानों, स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र युवाओं को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ीत लोगों की सहायता आदि। विद्यार्थी जीवन से ही समाज उपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणो का विकास होता है। स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश है। सेवा के माध्यम से शिक्षा यह एनएसएस का उद्देश है। एनएसएस का नारा है मैं नहीं, बल्कि आप। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी शिविरर्थियों का आभार जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों से स्वयंसेवकों को निम्न अनुभव प्राप्त होता है, एक कुशल सामाजिक नेता एक कुशल प्रशासक एक व्यक्ति जो मानव स्वभाव को समझता है।

- स्वास्थ्य-सफाई, आपातकालीन, प्राकृतिक आपदा पर सहायता आदि कार्यों की सीख मिली

इस अवसर पर बसंती भालेश्वर, ग्राम पटेल मेहत्तर दीवान, कंवल दीवान, गायता पुरुषोत्तम देहारी, उप सरपंच गोविन्द दीवान, कंश चुरेंद्र, मोतीराम भालेश्वर, मंगिया राम दीवान, रमन बढ़ाई, निरसिंह तारम, पवन मरकाम, राजकुमार उसेंडी, नरेश दीवान, अमृत कोमरा, विनय पासवान, प्राचार्य सुशील साहु, श्याम सिँह नेगी, बसंती गढ़िया, रविन्द्र भालेश्वर, गायत्री दीवान सहित स्कूली छात्र छात्राएं शामिल रहें।

---





# विचारधीन बंदी की मौत के बाद कांकेर में बवाल, समाज ने की कार्रवाई की मांग

**कांकेर ।** जनपद पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष एवं आदिवासी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की रायपुर अस्पताल में मौत हो जाने पर जेल प्रशासन को लेकर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने नाराजगी व्यक्त किया था। इसके अलावा समाज के प्रबुद्धजनों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा था। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि न्यायिक जाँच का गठन हो चुका है और कांकेर की सहायक जेलर को हटा दिया गया है।

### चारामा में किया गया चक्काजाम

*इस मामले को लेकर दिनभर माहौल शांत रहा, उसका बड़ा कारण यह रहा कि जेल प्रशासन ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर कार्यवाही कर दिया था। अचानक शाम को लगभग साढ़े 5 बजे मयाना गांव के महिला एवं पुरूषों चारामा में चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम करने के उपरांत यह माँग करने लगे कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने वाले और मामले की जाँच करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही किया जाए। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम बना रहा।*

### कलेक्टर एवं एसपी को दिए गए ज्ञापन के अनुसार माँग

सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य 5 दिसंबर को कलेक्टर एवं एसपी से मुलाकात किया और उनको दिए गए ज्ञापन के अनुसार सात माँग रखी गई, जिसमें घटना की मजिस्ट्रियल जाँच तत्काल करवाई जाए, कैदी के स्थांतरण से लेकर मृत्यु तक की पूरी प्रकिया की जाँच जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाए, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल रिकॉर्ड, स्थांतरण आदेश, एवं जेल डायरी की प्रतियां परिवार को उपलब्ध कराई जाए, मृत्यु की परिस्थितियों पर संदेह होने से जाँच निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराई जाए, परिवार को मानसिक पीड़ा, प्रशासनिक लापरवाही और अमानवीय व्यवहार के लिए उचित क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए, भविष्य में ऐसे मामलों में परिवारजनों को समय पर सूचना देने हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए जाए। पोस्टमार्टम परिवारजनों की उपस्थिति में कराया जाए।

### कलेक्टर एवं एसपी ने बताई हकीकत

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने ज्ञापन देने कलेक्टोरेट एवं एसपी कार्यालय पहुँचे समाज प्रमुखों को अभी तक हुई कार्यवाही के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाया। शेष माँगो को भी पूरा करने का आश्वासन दिया।

---

**इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा**

# जिले के 21 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए महापरीक्षा अभियान 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष हरेश मंडावी के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में रविवार 07 दिसंबर को राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियो को सम्मिलित कराया जाना है जो शिक्षा की मुख्य धारा से कटे हुए हैं।

कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने निर्देशित किया गया है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में 04 दिसंबर को आयोजित बैठक



में बताया गया कि जिले में कुल प्राधिकरण द्वारा 21130 असाक्षरों को साक्षर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए जिले में कुल 426 परीक्षा केंद्र तथा केंद्राध्यक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि कोई भी शिक्षार्थी परीक्षा से वंचित न रहे और किसी तरह की नकल ना हो इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके अलावा स्वयं शिक्षक के रूप में जो सेवा दे रहे हैं उनको भी इस परीक्षा में सहयोग लेना है। शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने हेतु सहयोग की अपील करना है जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्र में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश, विद्युत व्यवस्था बैठने की समुचित व्यवस्था हो शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र और समय की जानकारी अनिवार्य रूप से एक दिन पहले विभिन्न माध्यमों से प्रदान की जाए जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशों को विस्तार से परीक्षा संबंधी जानकारी सभी ब्लॉक के अधिकारियों को दी जिसमें महा परीक्षा अभियान का प्रचार-प्रसार नामांकन पंजीकरण डाटा कंप्यूटर कारण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक विकास खंड में कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु दायित्वों के बारे में बताया गया बैठक के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा सभी अधिकारियों एवं साक्षरता अमले को महा परीक्षा अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने तथा सभी शिक्षार्थियों को इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए निर्देशित किया गया तथा साक्षरता शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

